# अर्थशास्त्र

समय : 3 घंटे XII अधिकतम अंक : 80

## सामान्य निर्देश :

(i) दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिये गए हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1-10 तथा 18-27 वस्तुनिष्ठ तथा अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं , जिनमे प्रत्येक का 1 अंक है।

(iv) प्रश्न संख्या 11-12 तथा 28-29 लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं , जिनमे प्रत्येक के 3 अंक हैं प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न संख्या 13-15 तथा 30-32 भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं , जिनमे प्रत्येक के 4 अंक हैं प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 70 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न संख्या 16-17 तथा 33-34 प्रश्न दीर्घ उत्तरात्मक हैं , जिनमे प्रत्येक के 6 अंक हैं प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई शब्द सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए।

# खण्ड 'अ'

1.निम्नलिखित में से कौन सी हस्तांतरण आय है ?

a) किराया b) लाभ c) विदेशों से प्रेषणाये d) वेतन

2.विदेशों से प्राप्त निबल कारक आय बराबर होता हैं :

a) विदेशों को दी गई कारक आय – विदेशों से प्राप्त कारक आय

b) विदेशों को दी गई कारक आय + विदेशों से प्राप्त कारक आय

c) विदेशों से प्राप्त कारक आय+ विदेशों को दी गई कारक आय

d) विदेशों से प्राप्त कारक आय– विदेशों को दी गई कारक आय

3.निवेश एक स्टॉक चर है (सत्य/असत्य )

4.......................से अभिप्राय उन वस्तुओं से है जो या तो उपभोग के लिए या निवेश के लिए प्रयोग की जाती है (मध्यवर्ती वस्तुओं /अंतिम वस्तुओं )

5.मुद्रा का कौन सा कार्य "लेखे की इकाई "के नाम से भी जाना जाता है ?

a) मूल्य का संग्रहण b) विनिमय का माध्यम

c) स्थगित भुगतानों का मापक d) मूल्य का माप

6.निम्नलिखित मे से कौन मुद्रा पूर्ति को बढ़ाता है ?

a)बैंक दर मे वृद्धि b) रेपों दर मे वृद्धि

c) नकद आरक्षित अनुपात मे कमी d) उपरोक्त सभी

7.यदि MPC=MPC है तो निवेश गुणक का मान कितना होगा ?

a) अनन्त b) दो c) शून्य d) एक

8.समस्तर बिन्दु जब प्राप्त किया जाता है जब

a) उपभोग =निवेश b) उपभोग =बचत

c) राष्ट्रीय आय =बचत d) ) राष्ट्रीय आय =उपभोग

9) निम्नलिखित में से कौन विदेशी विनिमय की मांग का स्रोत नहीं है ?

a) वस्तुओं और सेवाओं का आयात

b) विदेशों मे परिसंपत्तियों  की खरीद

c) विदेशों से प्रेषणाए

d) विदेशों को एकपक्षीय हस्तांतरण

10. मशीनरी का आयात पूँजीगत खाते मे  दर्ज किया जाता है। (सत्य /असत्य )

अथवा

विदेशों से उधा  पूँजीगत खाते मे  दर्ज किया जाता है। (सत्य /असत्य )

11. पूँजीगत प्राप्तियों और राजस्व प्राप्तियों मे अंतर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कर से क्या अभिप्राय है। प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष  कर में अंतर स्पष्ट कीजिए।

12. सरकारी बजट के 'संसाधनो के आबंटन' के उद्देश्य की व्याख्या कीजिए।

13. केंद्रीय बैंक के 'सरकार का बैंक'  कार्य की व्याख्या कीजिए।

14. एक संख्यात्मक उदाहरण की सहायता से निवेश गुणक की व्याख्या कीजिए।

अथवा

निवेश गुणक और सीमांत उपभोग प्रवृत्ति के संबंधो की व्याख्या कीजिए।

15. नम्य विनिमय दर का निर्धारण विदेशी विनिमय बाजार में कैसे किया जाता है ?

16. स्फीति अंतराल को परिभाषित कीजिए। इस अंतराल को दूर करने में बैंक दर की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

17. व्यय विधि तथा आय विधि से राष्ट्रीय आय की गणना कीजिए।

| | (करोड़ो में ) |
|---|---|
| i) निजी अंतिम उपभोग व्यय | 3500 |
| ii) कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 4500 |
| iii) प्रचालन अधिशेष | 1500 |
| iv) सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 2100 |
| v) निबल स्थिर पूँजी निर्माण | 850 |
| vi) स्व-नियोजितों की मिश्रित आय | 500 |

| | | |
|---|---|---|
| vii) स्टॉक मे परिवर्तन | 250 | |
| viii) अप्रत्यक्ष कर | | 150 |
| ix) वस्तुओ और सेवाओं का निर्यात | 300 | |
| x) आर्थिक सहायता | | 50 |
| xi) वस्तुओ और सेवाओं का आयात | | 400 |
| xii) स्थिर पूँजी का उपभोग | | 550 |
| xiii) विदेशों से कारक आय | | 400 |
| xiv) लाभ | | 350 |
| xv) विदेशों को कारक आय | | 350 |

अथवा

कारक आय का आकलन करते समय ली जाने वाली छः सावधानियों को लिखिए

## खण्ड 'ब'

18. किस उद्योग मे भारत का विश्व मे एकाधिकार था ?

a) सूती b) ऊनी

c) पटसन d) उपरोक्त सभी

19. औद्योगिक नीति प्रस्ताव के अनुसार उद्योगो को कितने वर्गो में वर्गीकृत किया गया ?

a) दो b) एक c) चार
d) तीन

20. विश्व व्यापार संगठन का गठन किस वर्ष किया गया ?

a) 1991 b) 1993 c) 1995
d) 1997

21. ............................से अर्थ उस निर्धनता से है जो दूसरे लोगों, क्षेत्रों तथा देशों की तुलना में पायी जाती है। (निरपेक्ष निर्धनता /सापेक्ष निर्धनता)

22. भारत मे प्रछन्न बेरोजगारी मुख्यतः उद्योग मे पायी जाती है। (सत्य/असत्य)

23.निम्न मे से कौन सी आर्थिक आधारिक संरचना नहीं हैं ?

a) ऊर्जा b) परिवहन c) संचार d) स्वास्थ्य

24. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्थापना किस को नियंत्रित करने के लिए की गई?

a) मृदा क्षरण b) ध्वनि प्रदूषण c) वनों की कटाई d) वायु प्रदूषण

25.निम्न मे से कौन सा ऊर्जा का गैर परंपरागत स्रोत हैं ?

a) पवन ऊर्जा b) ज्वार ऊर्जा c) भू –तापीय d) तापीय ऊर्जा

26.क्षेत्रीय और आर्थिक समूहों का एक उदाहरण दीजिए।

अथवा

..................की पंचवर्षीय योजना वर्ष 1951 मे शुरू हुई। (पाकिस्तान /भारत )

27.चीन ने 'ग्रेट लीप फॉरवर्ड' अभियान कब शुरू किया ?

a) 1978 b) 1958 c) 1951 d) 1965

28.अंग्रेज़ी शासन का दौरान भारत का परंपरागत हस्तकला उद्योगो का विनाश हुआ। अपने दृष्टिकोण से विश्लेषण कीजिए।

अथवा

सुधार प्रक्रिया से कृषि क्षेत्रक दुष्प्रभावित हुआ प्रतीत होता है ? अपने दृष्टिकोण से विश्लेषण कीजिए।

29.निरपेक्ष निर्धनता तथा सापेक्ष निर्धनता में अंतर स्पष्ट कीजिए।

30.मानव पूंजी के किन्ही चार स्रोतो का वर्णन कीजिए।

अथवा

सरकार द्वारा कृषि विपणन सुधार के लिए अपनाए गए चार उपायों की व्याख्या कीजिए।

31.भारत में विद्युत क्षेत्रक द्वारा कौन सी चार समस्याओं का सामना किया जा रहा है?व्याख्या कीजिए।

32.चीन मे आर्थिक विकास में तीव्र वृद्धि के लिए उत्तरदायी चार कारको का मूल्यांकन कीजिए।

33.भारत में भू –क्षय के लिए उत्तरदायी छ कारको का वर्णन कीजिए।

अथवा

भारत में मानव पूँजी निर्माण की छ समस्याओं का वर्णन कीजिए।

34.हरित क्रांति से क्या अभिप्राय है ?इससे अधिकतर धनी किसानों को लाभ हुआ । अपने दृष्टिकोण से विश्लेषण कीजिए।